आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 26 | अंक - 155 | उज्जैन, शनिवार 27 अप्रैल 2024 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## दूसरे फेज में पहले से भी कम मतदान, NDA या INDIA किसके मुद्दे भारी; कम वोटिंग पैटर्न के क्या हैं मायने?




नईदिल्ली। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान आज संपन्न हो गया। 12 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की कुल 88 सीटों पर शाम पांच बजे तक हुए मतदान के आंकड़ों से स्पष्ट है कि कमोबेश सभी जगह मतदान के प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर आज हुए चुनाव में पहले फेज के मतदान से भी कम वोटिंग हुई है। ताजा समाचार मिलने तक यूपी की आठों लोकसभा सीटों पर 52.74 फीसदी वोट पड़े थे, जो पहले चरण से करीब पांच फीसदी कम है। पहले चरण में पांच बजे तक 57 फीसदी से ज्यादा वोट पड़े थे। हालांकि, यह अंतिम आंकड़ा नहीं है और इसमें थोड़ा और बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान आज संपन्न हो गया। 12 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की कुल 88 सीटों पर शाम पांच बजे तक हुए मतदान के आंकड़ों से स्पष्ट है कि कमोबेश सभी जगह मतदान के प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर आज हुए चुनाव में पहले फेज के मतदान से भी कम वोटिंग हुई है। ताजा समाचार मिलने तक यूपी की आठों लोकसभा सीटों पर 52.74 फीसदी वोट पड़े थे, जो पहले चरण से करीब पांच फीसदी कम है। पहले चरण में पांच बजे तक 57 फीसदी से ज्यादा वोट पड़े थे। हालांकि, यह अंतिम आंकड़ा नहीं है और इसमें थोड़ा और बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

अन्य राज्यों की बात करें तो बिहार में भी वोट परसेंट में गिरावट दर्ज की गई है, वहां शाम 5 बजे तक 53.58त्न मतदान रिकॉर्ड किया गया है। हालांकि, पूर्वोत्तर के राज्यों में फिर लोगों ने बढ़ चढ़कर वोटिंग की है। असम 70.66त्न, मणिपुर 76.06%, त्रिपुरा 77.53% और पश्चिम बंगाल 71.84% वोटिंग हुई है। इनके अलावा छत्तीसगढ़ में 72.13%, मध्य प्रदेश में 54.83त्न, महाराष्ट्र में 53.51%, कर्नाटक में 63.90त्न, केरल में 63.97%, जम्मू और कश्मीर में 67.22त्न और राजस्थान 59.19% वोटिंग दर्ज की गई है।

## फिलीपींस को भारतीय ब्रह्मोस मिसाइल मिलने पर क्या बोला चीन





भारत ने 19 अप्रैल को फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की पहली खेप सौंप दी. अब इस मामले पर चीन की सेना का बयान आया है।

चीन और फिलीपींस दोनों ही दक्षिण चीन सागर के विवादित समुद्री जल क्षेत्र में अपने दावों को लेकर आमने-सामने हैं. भारत ने फिलीपींस को ऐसे समय में ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप दी है जब दक्षिण चीन सागर के विवादित स्प्रैटली द्वीप समूह को लेकर फिलीपींस और चीन के बीच तनाव चरम पर है।

ब्रह्मोस मिसाइल की डिलीवरी के बाद 25 अप्रैल को चीन ने इस पर प्रतिक्रिया दी है।

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण चीन सागर विवाद के बीच भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की सप्लाई कर शक्ति संतुलन बदल दिया है. अब चीन ने भारत द्वारा मिसाइल दिए जाने को लेकर अपनी प्रतक्रिया जाहिर की है.दक्षिण पूर्व एशियाई देश के साथ हथियार प्रणालियों की आपूर्ति के लिए 37.5 करोड़ डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर करने के दो साल बाद,

## मणिपुर में कद्दू में छिपाकर रखा गया 3.5 करोड़ रुपये का ड्रग्स जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार



टिपाईमुख से दक्षिणी असम के कछार की ओर जा रहे एक पिकअप ट्रक को रोका और दो ड्रग तस्करों - अब्दुल मन्नान मजूमदार और खलील उल्ला बारभुइया को गिरफ्तार किया। निरीक्षण करने पर सुरक्षाकर्मियों को 30 साबुन के डिब्बों में 363.45 ग्राम हेरोइन मिली, जो अन्य सब्जियों के साथ पिकअप ट्रक में लदे कद्दू में छिपाई गई थी।

आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए हिरासत में लिए गए लोगों और जब्त किए गए नशीले पदार्थों को जिरीबाम थाने के हवाले कर दिया गया है।

इम्फाल। असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को कद्दू के अंदर छिपाकर रखी गई 3.5 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की, जिसके पड़ोसी देश म्यांमार से तस्करी कर लाए जाने का संदेह है। पुलिस ने कहा कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने जिरीबाम में फिरजावल जिले के

## पाकिस्तानी जेल में बंद भारतीय मछुआरे की मौत, शव जल्द लाया जाएगा वापस



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तानी जेल में बंद भारतीय मछुआरे विनोद लक्ष्मण कोल की बीते 17 मार्च को मौत हो गई। वह पालघर के दहानू के रहने वाले थे। रिपोर्ट के मुताबिक, दहानू का शव 29 अप्रैल को उनके गांव गोराटपाड़ा पहुंचने की उम्मीद है। विनोद गुजरात में पंजीकृत मछली पकड़ने वाली नाव पर काम कर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। मछली पकड़ने वाले जहाज पर उनके काम शुरू करने के लगभग 2 महीने बाद अक्टूबर 2022 की यह घटना है। बताया गया कि पाकिस्तान तट रक्षक की ओर से पाकिस्तानी क्षेत्रीय जल में प्रवेश करने के कारण उन्हें अरेस्ट किया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, 8 मार्च को नहाते वक्त विनोद लक्ष्मण को लकवे का दौरा पड़ा और वहीं पर गिर गए। इसके बाद से पाकिस्तानी जेल के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। जेल में बंद अन्य भारतीय कैदियों को उनकी मृत्यु के बारे में 17 मार्च को बताया गया। बताया गया कि भारतीय कैदी जेल कर्मचारियों की मदद से गोराटपाड़ा में उनके परिवार के सदस्यों से संपर्क साधने में कामयाब रहे। उन्होंने व्हाट्सऐप मैसेज के जरिए उनकी बीमारी और मृत्यु को लेकर जानकारी उन तक पहुंचाई।

## उत्तराखंड में 24 घंटे में रिकॉर्ड 54 बार जंगल जले, जलाने पर 146 लोगों पर केस



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तराखंड में चारों ओर जंगल जलने की घटनाएं हो रही हैं। तेज गर्मी और हवाओं के चलते गढ़वाल और कुमाऊं में कई जगह जंगल धधके हुए हैं। उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे में 54 जगह जंगलों में आग लगी। जिसमें 76 हेक्टेयर से ज्यादा जंगल जले हैं। वहीं अब तक 146 लोगों के खिलाफ प्रदेश भर में जंगल जलाने के केस दर्ज किए गए हैं।

जो कि अपने आप में एक रिकार्ड है। अब तक प्रदेश में 656 हेक्टेयर जंगल जल गए हैं। जबकि सीजन में अब तक 544 घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं।

एपीसीसीएफ फारेस्ट फायर निशांत वर्मा ने बताया कि सभी डिवीजनों व पार्कों में हाई अलर्ट किया गया है। कर्मचारियों व अधिकारियों को चौबीस घंटे फील्ड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। बेहद जरूरी ना होने पर सभी की छुट्टियों पर रोक लगाई गई है। कंट्रोल बर्निंग सहित तमाम सुरक्षा उपाए किए जा रहे हैं।

निशांत वर्मा के अनुसार अब तक 17 लोगों को जंगलों में आग लगाने पर नामजद किया गया है। जबकि 129 मामलों में अज्ञात के खिलाफ वन अधिनियम में केस किए गए हैं।


एफएसआई से फायर अलर्ट मिलते ही तत्काल संबंधित डिवीजन के अधिकारी मौके पर जाकर आग बुझाने में जुट रहे हैं। तीन दिन पहले 24 घंटे में 52 जगह जंगल जलने का रिकार्ड आंकड़ा दर्ज हुआ था।

## चोरों का आतंक! तीन दुकानों से गायब की हजारों की नगदी और सामान

नई दिल्ली (एजेंसी)। तपा में गुरुवार रात चोरों द्वारा नामदेव मार्ग पर दो दुकान व ताजोके रोड पर अनाज मंडी के नजदीक एक दुकान से हजारों रुपये की नगदी और सामान चोरी हो गया। पुलिस ने आसपास लगे कैमरों के आधार पर जांच शुरू कर दी हैं।

नामदेव मार्ग पर एक कपड़े की दुकान से चोरों द्वारा लगभग 20 से 25 हजार रुपये के कपड़े और साथ वाली मेडिकल की दुकान से कुछ नगदी और डीवीआर चोरी कर लिया गया। अनाज मंडी के नजदीक ताजोके रोड पर खेती सेवा केंद्र के मालिक करण गुप्ता ने बताया कि चोरों द्वारा उसकी दुकान के सेंट्रल लॉक को नीचे जमीन से तोड़कर खोला गया और दुकान में से दस हजार रुपये की नगदी और डीवीआर चोरी कर लिया गया और वहां पर लगे डीवीआर व दो कैमरे भी साथ ले गए।

## अदालतों ने 40 बार ईवीएम को लेकर खारिज कीं याचिकाएं, चुनाव आयुक्त ने बताई राजनीतिक दलों के दिल की बात




नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वोटिंग के बाद ईवीएम का हर वीवीपैट की पर्ची से मिलान की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। इसी के साथ कोर्ट में चुनाव से संबंधित एक और याचिका रद्द कर दी गई।

कोर्ट का फैसला आने के बाद चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि लगभग 40 मौकों पर अदालतों ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की विश्वसनीयता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है।

ईवीएम 100 फीसदी सुरक्षित- अधिकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के हालिया बयान का हवाला देते हुए कहा कि ईवीएम 100 फीसदी सुरक्षित हैं और राजनीतिक दल दिल से जानते हैं कि ईवीएम मशीनें निष्पक्ष हैं।

शीर्ष अदालत ने याचिकाओं को खारिज किया

शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को वीवीपीएटी के साथ ईवीएम के इस्तेमाल करके डाले गए वोटों के पूर्ण सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि सिस्टम के किसी भी पहलू पर आंख बंद करके अविश्वास करना संदेह पैदा कर सकता है।

सीईसी राजीव कुमार का 16 मार्च का बयान- बता दें कि सीईसी राजीव कुमार ने 16 मार्च को लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए प्रेस कांफ्रेंस में कहा था, लगभग 40 बार अदालतों- सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट ने ईवीएम को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है।

सत्तारूढ़ दल कई चुनावों में हारे- राजीव कुमार ने चुनाव आयोग के एक पत्र का हवाला देते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि कितने मौकों पर सत्तारूढ़ दल चुनावों में हार गए, जहां ईवीएम का इस्तेमाल किया गया था।

ईवीएम की हकीकत राजनीतिक दल जानते हैं- उन्होंने कहा था कि राजनीतिक दल ईवीएम के कारण अस्तित्व में आए हैं। कई छोटे दल हैं जो बैलट पेपर के युग में अस्तित्व में नहीं आए होंगे। उन्होंने कहा कि ईवीएम निष्पक्ष हैं और राजनीतिक दल इसे अपने दिल की गहराई में मानते हैं। उन्होंने ने ईवीएम को 100 प्रतिशत सुरक्षित, 100 प्रतिशत सुनिश्चित भी बताया।

# नहीं मान रहे मुइज्जू-जिनपिंग, फिर मालदीव पहुंचा चीन का जासूसी जहाज; भारत के लिए कैसे खतरा



नई दिल्ली (एजेंसी)। मालदीव में चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी के संसदीय चुनाव में एकतरफा जीत दर्ज करने के बाद माले और बीजिंग में दोस्ती और गहरी होने लगी है। भारत से दुश्मनी कर चीन की गोद में खेल रहे मालदीव में चीनी रिसर्च जहाज जियांग यांग होंग 03 वापस लौट आया है। यह वही जहाज है जो पहले भी चीन से मालदीव पहुंचा था और इसको लेकर भारत ने चिंता भी व्यक्त की थी। इस पोत पर जासूसी जहाज होने का आरोप लगता रहा है और इसी वजह से भारत, अमेरिका जैसे देशों के लिए यह जहाज टेंशन की तरह है।

मालदीव के मीडिया हाउस अधाधू की रिपोर्ट के अनुसार, चीनी जासूस जहाज को मालदीव के थिलाफुशी औद्योगिक द्वीप के बंदरगाह पर खड़ा किया गया है। मुइज्जू सरकार ने जहाज की वापसी की वजह का खुलासा नहीं किया है, लेकिन अपनी यात्रा से पहले जहाज को डॉक करने की अनुमति की पुष्टि की।

मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सीमा के पास लगभग एक महीना बिताने के बाद जहाज पहली बार 22 फरवरी को पहुंचा था। लगभग छह दिन बाद रवाना होने के बाद जहाज वापस ईईजेड सीमा में चला गया था। चीनी जासूसी जहाज अब ईईजेड को पार करने के बाद वापस मालदीव आ गया है।

फरवरी में मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि चीनी जहाज ने अपने चालक दल के रोटेशन के लिए मालदीव का दौरा किया था। हालांकि, मालदीव के विदेश मंत्रालय ने चीनी जहाज के बारे में दावा किया था कि वह इस दौरान कोई भी रिसर्च नहीं करेगा।

# न घर के रहे न घाट के, ईरान संग दोस्ती कर अमेरिका की नजरों में गड़ा पाक; रूस ने भी कर दिया काम तमाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के दुश्मन देश ईरान से दोस्ती दिखाने के लिए पाकिस्तान को अब मुसीबत का सामना पड़ रहा है। ईरान से नजदीकियां बढ़ाने के पाकिस्तान के पहल पर अमेरिका ने अपनी त्योरियां चढ़ा ली हैं। हालात ऐसे हैं कि पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को एक नए खतरे का सामना करना पड़ रहा है। बता दें ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी तीन दिवसीय दौरे पर पाकिस्तान आए थे। इस यात्रा के दौरान उन्होंने पाकिस्तान के साथ आठ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों के बीच कोई समझौता हुआ है या नहीं, यह साफ तौर पर तो पता नहीं है, लेकिन कई अंदरखाने चल रही चर्चाओं से पता चला है कि यह दौरा पाकिस्तान में गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए है। ऐसा भी बताया जा रहा है कि दोनों देशों के बीच गुपचुप तरीके से बैलिस्टिक मिसाइलों को लेकर समझौता हो सकता है।

अब पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए अमेरिका ने साफ कह दिया है कि अगर वह ईरान के साथ व्यापारिक समझौते की राह पर आगे बढ़ता है तो उसे प्रतिबंध झेलने के खतरे को भी ध्यान में रखना होगा। इस बीच अमेरिका ने यह भी बताया है कि पाकिस्तान दक्षिण पूर्व एशिया में उनका महत्वपूर्ण सुरक्षा भागीदार है। इसलिए माना जा रहा है कि जो बाइडेन का देश पाकिस्तान के साथ सीधे तौर पर टकराव में नहीं पड़ना चाहता, भले ही उसे चेतावनी दी गई हो। लेकिन पाकिस्तान ने शुरू में रईसी की यात्रा को लेकर जो उत्साह बनाए हुए था वह अमेरिका की चेतावनी के बाद खत्म हो गया है।

## आईपी सुरक्षा मामले में अमेरिका की निगरानी सूची में भारत

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि भारत बौद्धिक संपदा (आईपी) सुरक्षा के संबंध में दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। अमेरिका ने आईपी सुरक्षा मामले में भारत को निगरानी सूची में रखने का फैसला लिया है। वैश्विक स्थिति की वार्षिक समीक्षा है रिपोर्ट अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधियों (यूएसटीआर) द्वारा जारी 2024 स्पेशल 301 रिपोर्ट में निगरानी सूची में भारत के साथ अर्जेंटीना, चिली, चीन, इंडोनेशिया, रूस और वेनेजुएला भी शामिल है।

# अमेरिका ने भारत की तीन कंपनियों पर लगाई पाबंदी, ईरान के साथ डील करने पर ऐक्शन



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका ने एक दर्जन से ज्यादा ऐसी कंपनियों पर पाबंदियां लगा दी हैं, जिन्होंने ईरान के साथ कारोबार किया था। इनमें भारत की भी तीन कंपनियां शामिल हैं। इन कंपनियों पर आरोप है कि ईरान की ओर से यूक्रेन युद्ध के लिए रूस को ड्रोन भेजे गए थे और इस डील में इनकी ओर से मदद की गई थी। अमेरिका के ट्रेजरी डिपार्टमेंट का कहना है कि हमने जांच में पाया है कि इन कंपनियों ने ईरान के साथ रूस की डील में मदद की थी। अमेरिकी विभाग के अनुसार इस डील में मुख्य कंपनी सहारा थंडर थी, जिसने ईरान के ड्रोन्स को दूसरे देशों में बेचने में मदद की।

सहारा थंडर को इस डील में मदद करने का आरोप भारत की तीन कंपनियों जेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड पर लगा है। अमेरिकी एजेंसी के अनुसार ईरानी सैन्य यूनिट सहारा थंडर एक विशाल शिपिंग नेटवर्क वाली कंपनी है। यह ईरान के रक्षा और सशस्त्र बल रसद मंत्रालय (एमओडीएएफएल) की ओर से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी), रूस, वेनेजुएला और कई देशों में ईरानी वस्तुओं की बिक्री करती है। सहारा थंडर ने कुक आइलैंड्स-ध्वजांकित जहाज सीएचईएम (आईएमओ 9240914) के लिए भारत स्थित ज़ेन शिपिंग और पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ टाइम-चार्टर के साथ करार किया है। इसका प्रबंधन और संचालन संयुक्त अरब अमीरात स्थित सेफ सीज़ शिप मैनेजमेंट एफजेडई द्वारा किया जाता है।

# अमेरिकी कॉलेजों में फिलिस्तीन के समर्थन में हुए प्रदर्शन तो भारत ने दे दी US को सीख




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में विरोध प्रदर्शन को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय का बड़ा बयान आया है। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि हर लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जिम्मेदारी की भावना और सार्वजनिक सुरक्षा के बीच सही संतुलन होना चाहिए। मालूम हो कि गाजा में इजरायल के सैन्य हमले को लेकर कोलंबिया विश्वविद्यालय में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में हुए प्रदर्शन के बाद हाल के दिनों में येल और न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय सहित कई अन्य शैक्षणिक संस्थानों में भी इसी तरह के प्रदर्शन हुए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने इस मामले पर रिपोर्टों को देखा है और हम संबंधित घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं। प्रत्येक लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जिम्मेदारी की भावना और सार्वजनिक सुरक्षा व व्यवस्था के बीच सही संतुलन होना चाहिए।' उन्होंने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि लोकतांत्रिक देशों को विशेष रूप से अपने जैसे अन्य देशों के बारे में इस समझ को प्रदर्शित करना चाहिए। आखिरकार, हम सभी का मूल्यांकन इस आधार पर किया जाता है कि हम स्वदेश में क्या करते हैं, न कि हम विदेश में क्या कहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार फ्रांस, अमेरिका के कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी यूनिवर्सिटी, मिशिगन विश्वविद्यालय, टेक्सास यूनिवर्सिटी सहित अन्य देशों के विद्यार्थियों ने इजरायली हमले के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया है, जिससे विद्यार्थियों की बड़े पैमाने पर गिरफ्तारी हुई है।

## अमेरिका में पुलिस की कार्रवाई में गोली लगने से भारतीय मूल के युवक की मौत, गिरफ्तार करने पहुंची थी टीम



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में एक 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की सैन एंटोनियो में पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी। युवक ने अपने वाहन से दो अधिकारियों को टक्कर मार दी थी, पुलिस उसे अपनी रूममेट महिला पर गंभीर हमले के मामले में गिरफ्तार करने पहुंची थी।

21 अप्रैल को टेक्सास के सैन एंटोनियो शहर में पुलिस अधिकारी टायलर टर्नर ने सचिन कुमार साहू को गोली मार दी थी, जिसके बाद उन्हें घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था।

सचिन को कई गोलियां मारी गई थीं दी सैन एंटोनियो एक्सप्रेस- न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, बेक्सर काउंटी मेडिकल परीक्षक कार्यालय ने कहा कि पिछले वीकेंड पर पुलिस के साथ विवाद के दौरान कई गोलियां लगने से सचिन कुमार साहू की मौत हो गई।

सचिन कुमार साहू मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। सूत्रों ने कहा कि वह एक अमेरिकी नागरिक हो सकता था।

सैन एंटोनियो पुलिस विभाग ने पीटीआई को दिए एक बयान में कहा, प्रारंभिक जांच के अनुसार, 21 अप्रैल को शाम 6:30 बजे से ठीक पहले घातक हथियार के साथ गंभीर हमले के बारे में एक रिपोर्ट मिली थी।

# जापान की आबादी में होंगे आधे बुजुर्ग, तेजी से घट रही जन्मदर; दस्तक दे रहा अस्तित्व पर संकट



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत एक तरफ चीन को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है तो वहीं कई मुल्क ऐसे हैं, जो घटती आबादी से परेशान हैं। इटली, दक्षिण कोरिया, रूस जैसे देशों में तेजी से आबादी घट रही है और इसके चलते वर्कफोर्स का संकट भी खड़ा हो गया है और अर्थव्यवस्था पर भी सीधा असर पड़ रहा है। यही नहीं भारत के गहरे दोस्त जापान के आगे भी ऐसी ही संकट की स्थिति है। जापान की आबादी 2008 से घटनी शुरू हुई थी। तब वहां की आबादी 128 मिलियन यानी 12.8 करोड़ थी, जबकि 2022 में यह तेजी से घटते हुए 125 मिलियन यानी 12.5 करोड़ ही रह गई।

अनुमान है यदि आबादी घटने की यही रफ्तार रही तो 2100 तक जापान की जनसंख्या 63 मिलियन ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि फिलहाल जापान की आबादी साढ़े 12 करोड़ है और अगले 75 सालों में यह 6.3 करोड़ ही रह जाएगी। इसकी वजह यह है कि जापान की जन्मदर तेजी से घट रही है। इसके अलावा एक और संकट जापान के आगे मुंह बाये खड़ा है। एक तरफ जापान में नए बच्चों के जन्म में कमी आ रही है तो वहीं दूसरी तरफ बुजुर्गों की संख्या भी बढ़ रही है। जापान की कुल आबादी में बुजुर्गों की संख्या वर्ष 2000 में 17.4 पर्सेंट थी, जो अब 2022 में बढ़कर 29 फीसदी हो गई।

अब एक और डराने वाला अनुमान यह है कि जापान की कुल आबादी में बुजुर्गों की हिस्सेदारी 2100 तक 41.2 पर्सेंट हो जाएगी। इसका अर्थ है कि करीब आधे लोग जापान में बुजुर्ग ही होंगे। जापान में 2022 के आंकड़ों के अनुसार 15 से 64 साल यानी कामकाजी आबादी की 59 पर्सेंट ही रह गई, जो 20 साल पहले 68 पर्सेंट थी। अनुमान है कि 2100 तक यह आंकड़ा तेजी से कम होते हुए 51.2 तक ही ठहर जाएगा।

# NOTA को मिले सबसे ज्यादा वोट तो दोबारा होंगे इलेक्शन? सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर चुनाव आयोग को भेजा नोटिस



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने वोटिंग के बाद ईवीएम का हर वीवीपैट की पर्चीं से मिलान की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। इसी के साथ कोर्ट में चुनाव से संबंधित एक ओर याचिका दायर हुई है, जिसपर चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी कर दिया है।

नोटा को ज्यादा वोट मिलने पर रद्द हो चुनाव- सुप्रीम कोर्ट में दायर इस याचिका में एक ऐसा नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है कि जिसमें यदि नोटा को बहुमत मिलता है, तो विशेष निर्वाचन क्षेत्र में हुए चुनाव को रद्द घोषित किया जाए और निर्वाचन क्षेत्र में नए सिरे से चुनाव कराया जाए।

उम्मीदवारों पर लगे बैन- याचिका में यह भी कहा गया है कि इसमें यह भी नियम बनाया जाए की नोटा से कम वोट पाने वाले उम्मीदवारों को 5 साल की अवधि के लिए सभी चुनाव लड़ने से रोक दिया जाए और नोटा को काल्पनिक उम्मीदवार के रूप में माना जाएगा।

सूरत लोकसभा सीट के नतीजे का जिक्र- जनहित याचिका मोटिवेशनल स्पीकर और लेखक शिव खेड़ा ने डाली थी। शिव खेड़ा की ओर से पेश वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि यह इस मामले पर विचार करना जरूरी है।

## सिवान में बस-बाइक के बीच भीषण टक्कर, मां समेत दो बेटों की मौके पर ही मौत




नई दिल्ली (एजेंसी)। सिवान के सिसवन थाना क्षेत्र के सिसवन-सिवान मुख्य मार्ग पर हरेराम ब्रह्मचारी उच्च विद्यालय के समीप शुक्रवार की सुबह बस और बाइक की टक्कर में बाइक सवार एक ही परिवार की तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान थाना क्षेत्र के भागर निवासी जयराम राम की पत्नी चिंता देवी (42), पुत्र कुंदन कुमार (18) तथा प्रिंस कुमार (8) के रूप में हुई है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं मां और दो बेटों की मौत की सूचना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि भागर निवासी जयराम राम की पत्नी चिंता देवी के एकमा थाना क्षेत्र के ढेकुली स्थित रिश्तेदार के यहां से शुक्रवार की सुबह अपने पुत्र कुंदन कुमार एवं प्रिंस कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहीं थी। तभी सिसवन-सिवान मुख्य पथ पर हरेराम ब्रह्मचारी उच्च विद्यालय के समीप सामने से आ रही बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

## तरनतारन में फिर मिला मेड इन चाइना ड्रोन



बरामद ड्रोन की पहचान चीन निर्मित डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके के रूप में की गई है।

रात के समय चलाया गया था ऑपरेशन- आधिकारिक बयान के अनुसार तलाशी अभियान के दौरान रात लगभग 10.15 बजे सैनिकों ने तरनतारन जिले के खेमकरण गांव से सटे एक खेत से टूटी हुई हालत में एक ड्रोन को सफलतापूर्वक बरामद किया। बुधवार को भी बरामद हुआ था ड्रोन- इससे पहले बुधवार को भी बीएसएफ ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर पंजाब के तरनतारन जिले के सीमावर्ती इलाके में गांव खेमकरण से सटे एक खेत से एक ड्रोन बरामद किया था।

बरामद ड्रोन की पहचान चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक के रूप में की गई।

तरनतारन। पंजाब के तरनतारन में सीमावर्ती इलाके से तलाशी के दौरान एक ड्रोन बरामद किया गया। सीमा सुरक्ष बल और पंजाब पुलिस ने साथ मिलकर ये अभियान चलाया। बीएसएफ अधिकारियों के मुताबिक 25 अप्रैल, 2024 को तरनतारन जिले के सीमावर्ती इलाके में एक ड्रोन की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया जानकारी के आधार पर, पंजाब पुलिस के साथ बीएसएफ सैनिकों ने एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया।

## संदेशखाली में सीबीआई रेड, विदेशी पिस्तौल सहित मिले हथियार; एनएसजी कमांडो तैनात

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में एक बार फिर से छापेमारी की है। इस दौरान सीबीआई को कई चौंकाने वाले सबूत हाथ लगे हैं। इसके अलावा, सीबीआई ने विदेश में बनी पिस्तौल सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले के सिलसिले में सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में छापे मारे। सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में तलाशी अभियान के दौरान विदेश निर्मित पिस्तौल सहित हथियार और गोला-बारूद जब्त किए। इलाके में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड कमांडो की एक टीम तैनात कर दी गई है।



उन्होंने बताया कि यह तलाशी अभियान तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों द्वारा प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ा है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर पांच जनवरी को संदेशखाली में उस समय हमला किया गया था जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख के परिसर पर छापा मारने गई थी।

अधिकरियों ने बताया कि सीबीआई को अपनी जांच के दौरान यह जानकारी मिली कि संदेशखाली में भारी मात्रा में हथियार छिपाए गए हैं इसके बाद शुक्रवार सुबह सीबीआई की टीम ने तलाशी अभियान प्रारंभ किया और उसे विदेश निर्मित पिस्तौल सहित हथियार बरामद हुए। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर केंद्रीय एजेंसी ने पांच जनवरी की घटनाओं पर तीन प्राथमिकी दर्ज की थीं।

ये प्राथमिकियां भीड़ द्वारा ईडी अधिकारियों पर कथित हमले, निलंबित टीएमसी नेता शेख के सुरक्षाकर्मी द्वारा ईडी अधिकारियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों और ईडी अधिकारियों पर हमले के संबंध में नज़ात पुलिस थाने की ओर से स्वत संज्ञान लेते हुए दर्ज किए गए मामले से संबंधित हैं।

## स्त्रीधन पर पति का हक नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 25 लाख रुपये लौटाने का दिया निर्देश

नई दिल्ली (एजेंसी)। विवाहित जोड़े की संपत्ति से जुड़े एक मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक पति का पत्नी के स्त्रीधन (महिला की संपत्ति) पर कोई नियंत्रण नहीं होता। 10 साल से अधिक पुराने इस मुकदमे में अपने हक की लड़ाई के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची महिला के मामले की सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ में हुई। कोर्ट ने पत्नी के स्त्रीधन पर पति का नियंत्रण होने के मामले में अहम टिप्पणी की।



अदालत ने क्या कहा- अदालत ने कहा कि संकट के समय पति पत्नी के स्त्रीधन का इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन संपत्ति लौटाना उसका नैतिक दायित्व है। अदालत ने एक महिला के खोए हुए सोने के बदले 25 लाख रुपये लौटाने का निर्देश देते हुए अपने फैसले में यह अहम बात कही। इस मामले में महिला ने दावा किया कि शादी के समय उसके परिवार ने उसे 89 सोने के सिक्के उपहार में दिए थे। साथ ही शादी के बाद उनके पिता ने उनके पति को दो लाख रुपये का चेक दिया था।

महिला ने क्या कहा- महिला के अनुसार, शादी की पहली रात उसके पति ने सभी गहने अपने कब्जे में ले लिए। गहनों को सुरक्षित रूप से सहेजने के नाम पर उसने गहने अपनी मां को दे दिए। महिला के आरोप के अनुसार, पति और उसकी सास ने अपनी पुराने कर्जों का निपटारा करने के लिए उसके गहनों का दुरुपयोग किया। मामला अदालत में पहुंचने के बाद फैमिली कोर्ट ने 2011 में पारित फैसले में महिला के आरोपों को सही पाया।

कोर्ट ने पति और उसकी मां से उक्त दुरुपयोग से हुए नुकसान की भरपाई करने का निर्देश दिया। बाद में मामला केरल हाई कोर्ट पहुंचा। यहां कोर्ट ने पारिवारिक अदालत से मिली राहत को आंशिक रूप से खारिज कर कहा कि महिला पति और उसकी मां द्वारा सोने के आभूषणों की हेराफेरी को साबित करने में असफल रही।

## बेटे शेर हैं दिनदहाड़े ही मारेंगे, अतीक अहमद ही चाहता था उमेश पाल की खुलेआम हो हत्या



नई दिल्ली (एजेंसी)। माफिया डॉन अतीक अहमद का अंत हो चुका है, लेकिन उससे जुड़े खुलासे जारी हैं। अब कहा जा रहा है कि उमेश पाल की हत्या दिनदहाड़े करने के लिए अतीक ने ही ऑर्डर दिए थे। इतना ही नहीं उसने खुद बेटे असद को इस काम लिए भेजने का आदेश दिया था। खबरें हैं कि जेल की सजा काट रहे डॉन के बेटे अली ने उमेश पाल हत्याकांड से जुड़ी कई अहम बातें सामने रखी हैं।

अली से नैनी जेल में पूछताछ हुई है। आज तक की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान खुलासा किया कि उसने पाल को दिनदहाड़े मारने के लिए मना किया था, लेकिन अतीक नहीं माना। रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि अली ने कहा कि पाल को इस तरह मारने मना किया था, लेकिन अब्बा नहीं माने और बोले की अतीक के बेटे शेर हैं और दिनदहाड़े ही वारदात करेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, अली का कहना है कि उसने शूटरों के साथ असद को भेजने से भी मना किया था। अली ने माना है कि इस हत्याकांड के बारे में पूरे परिवार को पता था। पाल हत्याकांड में अली साजिशकर्ता आरोपी बनाया गया है। एक ओर जहां असद और उसके साथी गुलाम की पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी। वहीं, अली नैनी जेल में और एक भाई उमर लखनऊ की जेल में है। अतीक और उसे भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की 15 अप्रैल 2023 को मौत हो गई थी। तीन शूटरों ने पुलिस सुरक्षा के बीच गोलियां चला दी थीं। उस दौरान दोनों को मेडिकल चेकअप के लिए ले जाया जा रहा था। फिलहाल, अतीक के करीबी माने जाने वाले गुड्डू मुस्लिम और पत्नी शाइस्ता परवीन की तलाश है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 पौष कृष्ण तृतीया

## संपादकीय

# यू इस तरह मौसम के साथ बदलते राजनेता....



चुनावी कवरेज के सिलसिले में पिछले दिनों विदर्भ और उत्तराखंड जाना हुआ। दिल्ली से नागपुर की उड़ान भरते वक्त लग रहा था कि वहां शुष्क और गर्म मौसम हमारा इंतजार कर रहा होगा। हुआ उल्टा। विमान जब शहर के ऊपर चक्कर लगा रहा था, हमारी खिड़की के शीशे पर बूंदें थाप दे रही थीं। इसके विपरीत उत्तराखंड में दिन में पारा 30 डिग्री पार कर रहा था।

यह विलाप पुराना हो चुका है कि हमारा पर्यावरण बदल रहा है और हमें सम्हल जाना चाहिए। किसे सम्हल जाना चाहिए? क्या सारी जिम्मेदारी सिर्फ साधारण नागरिकों की है? हमारी हुकूमतें क्या कर रही हैं? अपने देश में इस समय लोकसभा चुनाव हो रहे हैं, पर क्या आपने किसी नामचीन नेता के श्रीमुख से पर्यावरण संबंधी दो शब्द सुने? यह दर्दनाक है कि हमारे सियासी विमर्श से जनता के असली मुद्दे कहीं गुम हो चुके हैं। अब हम महज कुछ घिसे-पिटे जुमलों, आरोपों और प्रवंचनाओं को सुनने के लिए अभिशप्त हैं, जिनका आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी से कोई वास्ता नहीं। इंसान के सर्वाधिक जरूरी मुद्दों पर राजनेताओं की यह चुप्पी असंवेदनशील आत्मघाती प्रवृत्ति को उजागर करती है।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने पेयजल की कमी को लेकर चेताया है। उसने संसार के जिन सर्वाधिक संकटग्रस्त शहरों की सूची जारी की है, बेंगलुरु उनमें से एक है। यूएन के दावे के अनुसार, यदि वहां पानी की मौजूदा मात्रा में सन् 2030 तक 40 फीसदी की गिरावट आ जाती है, तो हमारी 'आईटी सिटी' का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा। अभी ही वहां के हालात इतने बदतर हैं कि 13,900 सार्वजनिक बोरवेल में से 6,900 सूख चुके हैं। खुद उप-मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने इस खौफनाक तथ्य को जगजाहिर किया था। मजबूरन, कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कह दिया है। 1.4 करोड़ की आबादी वाला यह महानगर सिर्फ 'आईटी सेक्टर' से सालाना 50 बिलियन डॉलर की कमाई करता है। जाहिर है, इसे इस शानदार मुकाम तक पहुंचाने के लिए काफी कोशिशें की गई होंगी, पर हिंदी की पुरानी कहावत है- बिन पानी सब सून।

देश की राजधानी दिल्ली का हाल भी बेंगलुरु के मुकाबले कोई खास अच्छा नहीं है। बहुत बड़ी आबादी को यहां हर रोज अपनी जरूरत के जल के लिए घंटों जूझना पड़ता है। उनकी बसाहटों में टैंकरों से पानी पहुंचता है और कभी-कभी उसे लेकर खूनी झगड़े भी हो जाते हैं। पिछले दिनों एक ऐसा ही हतभागी हादसा सामने आया, जब जल को लेकर दो पक्ष एक-दूसरे पर टूट पड़े। इस हिंसा में एक महिला को जान से हाथ धोना पड़ा। अब सत्तारूढ़ पार्टी और उप-राज्यपाल इस मुद्दे पर गुत्थमगुत्था हैं। इससे न तो जान गंवाने वाली सोनी की सांसें वापस आएंगी और न ही प्यासे लोगों के हलक तर होंगे। किसी ने कहा था कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए लड़ा जाएगा। हम उसे अपने ईद-गिर्द आकार लेता हुआ देख रहे हैं।

बेंगलुरु और दिल्ली ऐतिहासिक नगर हैं। उनके विकास की लंबी और सुविचारित दास्तां है, लेकिन गुरुग्राम पिछले चार दशकों में पनपा है। दिल्ली के नजदीक बसा यह छोटा-सा कस्बा इतनी तेजी से व्यावसायिक केंद्र के तौर पर विकसित होगा, ऐसा बहुतों ने सोचा तक नहीं था। आज वहां देशी-विदेशी कंपनियों के सैकड़ों कार्यालय हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सबसे महंगी रिहायशी संपत्तियां यहीं पर हैं, लेकिन पानी यहां भी लोगों को बेपानी कर रहा है। एक महीना पहले गुरुग्राम मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) ने चेताया था कि शहर की पेयजल मांग 675 एमएलडी (रोजाना मेगालीटर) है, जबकि आपूर्ति किसी भी स्थिति में 570 एमएलडी से ज्यादा नहीं हो सकती।

# मनीभाई देसाई



मनीभाई देसाई उस पीढ़ी के व्यक्ति थे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गाँधी के साथ भी सक्रिय होकर काम किया और उसके बाद आजाद भारत में भी उन्हें प्रतिबद्धतापूर्वक काम करने का लम्बा अवसर मिला। देश के स्वतन्त्र होने के समय वह एक नौजवान व्यक्ति थे और स्वतन्त्र रूप से अपनी जीवन धारा चुन सकते थे, लेकिन बहुत पहले मनीभाई देसाई ने महात्मा गाँधी के सामने यह संकल्प लिया था कि वह आजीवन निर्धन गाँव वालों के आर्थिक तथा सामाजिक विकास के लिए काम करते रहेंगे। यह संकल्प उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ निभाया और उनके कार्यक्षेत्र में उनकी कर्मठता का प्रमाण स्पष्ट देखा गया। मनीभाई देसाई की इसी प्रतिबद्ध सेवा के लिए उन्हें 1982 का मैग्सेसे पुरस्कार दिया गया।

### जीवन परिचय

मनीभाई देसाई का जन्म 27 अप्रैल 1920 को सूरत, गुजरात में उनके गाँव कोस्मादा में हुआ था। उनके पिता भीमभाई फ़कीर भाई देसाई आसपास के 10-15 गाँवों के प्रतिष्ठित किसान थे। मनीभाई के चार भाई और एक बहन थी और हर सन्तान को उनकी माँ रानी बहन देसाई ने चतुर सयाना बनाया था।

### शिक्षा

मनीभाई की स्कूली शिक्षा 1927 में उन्हीं के गाँव के स्कूल में शुरू हुई। उसी वर्ष उनके पिता का देहान्त हुआ था और उनकी माँ ने बच्चों की पूरी जिम्मेदारी संभाली थी। मनीभाई हमेशा कक्षा में प्रथम रहने वाले छात्र थे तथा उनका योगदान खेलकूद तथा स्काउट के रूप में भी खूब रहता था। उन्हीं दिनों मनीभाई महात्मा गाँधी के सम्पर्क में आए। उन्होंने गाँधी जी के नमक आन्दोलन में हिस्सा लिया और सक्रियता से गैर क़ानूनी नमक को गाँव में जाकर बाँटा। सादगी का भाव मनीभाई के भीतर बचपन से ही था। उनकी माँ इस बात के लिए बहुत चिन्तित रहती थीं कहीं उनका बेटा बिगड़ न जाए। इसके लिए उन्होंने मनीभाई को अपनी एक चचेरी बहन के पास पढ़ने के लिए सूरत भेज दिया। उनकी बहन के अपने पाँच-छह बच्चे थे तथा वह परिवार बहुत सम्पन्न भी नहीं था। ऐसे में वहाँ मनीभाई को बहुत घरेलू काम करना पड़ता था। उनकी माँ ने उन्हें एक गाय दी थी, ताकि उन्हें दूध की कमी न रहे। उस घर में गाय की सेवा आदि भी मनीभाई को करनी पड़ती थी। मनीभाई ने इस सब काम को बहुत मनोयोग से किया और कभी उनके मन में इसके प्रति विरोध नहीं उपजा लेकिन उनकी माँ को यह ठीक नहीं लगा। एक दिन जब वह अचानक बेटे के पास पहुँची, उन्होंने देखा कि मनीभाई मिट्ठी के तेल वाली लालटेन का शीशा साफ़ कर रहे थे। बस उनकी माँ ने उन्हें वहाँ से उठाकर एक हॉस्टल में डाल दिया।

### गाँधी जी का आन्दोलन


मनीभाई के बड़े भाई चाहते थे कि वह इन्जीनियर बनें इसलिए उन्होंने भौतिकशास्त्र तथा गणित विषयों से पढाई शुरू की। 1942 में उन्होंने जूनियर बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री प्राप्त की तथा कालेज के फाइनल में प्रवेश लिया। उस समय गाँधी जी का आन्दोलन अपने चरम पर था। 9 अगस्त 1942 को ब्रिटिश सरकार ने सारे नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। इसी दिन मनीभाई ने बिना परिवार से कोई इज्जात लिए कालेज छोड़ दिया और गाँधी जी के साथ आन्दोलन में कूद पड़े।

### गाँधी जी और मनीभाई

1943 में मनीभाई गाँधी जी के साथ जेल में थे जहाँ उन्होंने गाँधी के साथ ग्राम विकास की आवश्यकता पर बातचीत भी की। 1944 में जब वह जेल से छूटे, तो उन्होंने तय किया कि वह इन्जीनियर बनने का इरादा बिल्कुल भूलकर गाँवों के विकास के लिए काम करेंगे। अप्रैल 1943 में मनीभाई ने अपने कालेज की परीक्षा का आखिरी पर्चा दिया और उसी शाम, गाड़ी पकड़कर गाँधी जी के पास उनके आश्रम में आ गए। आश्रम मे गाँधी जी से उनकी भेंट बहुत महत्वपूर्ण रही तथा उसका प्रसंग रोचक भी है। गाँधी जी ने मनीभाई से कहा कि पहले गाँवों में जाओ और जो कुछ तुमने पढ़ा है, उसे भुला दो। इस पर वे प्रथम श्रेणी के भौतिक शास्त्र तथा गणित पढ़े मनीभाई हैरत में आ गए। उन्होंने पूछा, बापू...क्या आप शिक्षा के विरुद्ध हैं... बापू ने उत्तर दिया, मैंने तुम्हारी शिक्षा को ध्यान में रखकर यह बात नहीं कही लेकिन वह साहबी रंगढंग जो कॉलेज तथा समाज व्यक्ति को देता है, उससे पीछा छुडाना होगा...

### भारतीय एग्रो इन्डस्ट्रीज फाउन्डेशन

भारतीय एग्रो इन्डस्ट्रीज फाउन्डेशन मनीभाई देसाई ने 1967 में शुरू किया जिसमें गोरक्षण के बापू के सिद्धान्त को कार्यरूप दिया गया। मनीभाई देसाई ने स्वयं 1950 में मरी हुई गायों की शल्य परीक्षा करके खुद बर्बर पशु चिकित्सिक प्रशिक्षित किया था। यहाँ मनीभाई देसाई ने कृत्रिम गर्भधान से डेनमार्क और ब्रिटेन की नस्ल की गाय जैसे पशुओं की नई नस्ल तैयार की जो ज्यादा दूध दे सकने में समर्थ थीं। इसी तरह पशुओं को खुर तथा मुँह की बीमारियों से बचाने के लिए वैक्सीन बनाया गया। जिससे साल में सैकड़ों जानवरों को मरने से बचाया जाने लगा। भारतीय एग्रो इन्डस्ट्रीज फाउन्डेशन के जरिए इस तरह गाँवों में व्यवस्था तथा आधुनिकता के जरिए आर्थिक विकास होने लगा, जिसका विस्तार फिर पूरे देश में पहुँचा। मनीभाई देसाई ने की पत्रिका में 1982 में लिखा कि ब्रहृस्र में हमने कभी गाँव के लोगों को दयनीय या शोचनीय प्राणी नहीं माना।



# 540 रुपये के ऊपर जा सकते हैं वेदांता के शेयर, 6 महीने में 90% चढ़ा शेयर का भाव




नई दिल्ली (एजेंसी)। वेदांता के शेयरों में शुक्रवार को अच्छी तेजी देखने को मिली है। वेदांता लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को 5 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी के साथ 402.95 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। पिछले कुछ महीनों से वेदांता के शेयरों में तेजी का रुख बना हुआ है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि वेदांता के शेयरों में और तेजी देखने को मिल सकती है।

कंपनी के शेयर मौजूदा लेवल से 40 पर्सेंट और चढ़ सकते हैं। वेदांता के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 207.85 रुपये है। वेदांता लिमिटेड के मार्च 2024 तिमाही के नतीजों से कई मार्केट एनालिस्ट खासे प्रभावित हैं।

नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज, वेदांता के शेयरों पर बुलिश है। ब्रोकरेज हाउस नुवामा ने वेदांता के शेयरों के लिए 542 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है।

नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने पहले वेदांता के शेयरों के लिए 394 रुपये का टारगेट दिया था। वेदांता लिमिटेड के शेयरों में पिछले एक महीने में 47 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है।

कंपनी के शेयर 27 मार्च 2024 को 271.60 रुपये पर थे। वेदांता लिमिटेड के शेयर 26 अप्रैल 2024 को 402.95 रुपये पर बंद हुए हैं। वेदांता लिमिटेड के शेयरों में पिछले 6 महीने में तगड़ी तेजी आई है। वेदांता लिमिटेड के शेयर पिछले 6 महीने में 90 पर्सेंट चढ़ गए हैं। वेदांता के शेयर 27 अक्टूबर 2023 को 215.70 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 26 अप्रैल 2024 को 402.95 रुपये पर पहुंच गए हैं।

इस साल अब तक वेदांता के शेयरों में 60 पर्सेंट के करीब तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर इस साल 1 जनवरी को 257.20 रुपये पर थे, जो कि अब 400 रुपये के पार पहुंच गए हैं। पिछले 4 साल में वेदांता के शेयरों में 415 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है।

## शेयर बाजार की तेजी पर ब्रेक, सेंसेक्स 700 अंक टूटा, निफ्टी भी नीचे



नई दिल्ली (एजेंसी)। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार बिकवाली मोड में नजर आया। सेंसेक्स करीब 700 अंक टूटकर 73,650 अंक पर आ गया। निफ्टी की बात करें तो 180 अंक टूटकर 22,385 तक आ गया। हालांकि, शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल आया। आपको बता दें कि गुरुवार को बैंक, फाइनेंस और मेटल शेयरों में तगड़ी खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार पांचवें सत्र में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स करीब 487 अंक बढ़कर एक बार फिर 74,000 अंक के पार पहुंच गया था, जबकि एनएसई निफ्टी 22,550 के ऊपर बंद हुआ था। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की निचले स्तर पर बंद हुए जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए थे। यूरोपीय बाजार मिलेजुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बुधवार को मिलाजुला रुख देखा गया था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.06 प्रतिशत चढ़कर 88.07 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले पांच पैसे की बढ़त के साथ 83.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## लिस्टिंग के बाद से तूफान बना है यह शेयर, जर्मनी में डील के बाद खरीदने की मची होड़



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में बिकवाली वाला माहौल लौट आया है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी दबाव में नजर आए। हालांकि, इस माहौल के बीच भी एसएमई मल्टीबैगर मेसन वाल्व्स शेयर की भारी डिमांड थी। ट्रेडिंग के दौरान शेयर 5 प्रतिशत की बढ़त के बाद अपने ऑल टाइम हाई को टच कर गया।

बता दें कि सितंबर 2023 में शेयर 193.80 रुपये के भाव पर था। 25 अप्रैल को बीएसई पर की गई घोषणा के मुताबिक मेसन वाल्व्स ने ब्रेमेन, जर्मनी के जॉर्ज शुनेमैन GmHH (लाइसेंसकर्ता) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मेसन वाल्व और इसकी सहायक कंपनियां लाइसेंसकर्ता से सहायता लेने के अतिरिक्त लाभ के साथ फिल्टर, निर्मित उत्पादों और इंसर्ट से संबंधित जरूरतों का उपयोग करने के लिए विशेष रूप से अधिकृत हैं। यह समझौता कंपनी को एयरोस्पेस, एचवीएसी, तेल और गैस, ऑटोमोटिव और अन्य जैसे उद्योगों की अधिक के डिमांड को सप्लाई करता है। जॉर्ज शुनेमैन GmHH एक स्थापित निर्माता है जिसके पास विशेष फिटिंग, फिल्टर और परीक्षण में 80 से अधिक वर्षों का अनुभव है। बता दें कि मेसन वाल्व्स का आईपीओ पिछले साल आया था और शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर 191 रुपये प्रति शेयर पर सूचीबद्ध हुए। लिस्टिंग के बाद से मेसन वाल्व्स के शेयरों में 373 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। साल दर साल आधार पर, मेसन वाल्व्स के शेयरों में 56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और एक महीने में मेसन वाल्व्स के शेयरों ने 41 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। मेसन वाल्व्स उन कई एसएमई कंपनियों में से एक है जो अपने ऑल टाइम हाई पर है।

## अपना कारोबार अलग कर रही ये कंपनी, शेयर में रॉकेट सी तेजी 20% का लगा अपर सर्किट



नई दिल्ली (एजेंसी)। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार में गिरावट के बीच कुछ शेयरों ने चौंकाने वाला रिटर्न दिया। ऐसा ही एक शेयर रॉसेल इंडिया लिमिटेड है। ट्रेडिंग के दौरान बीएसई पर इस शेयर में 20 फीसदी का अपर सर्किट लगा और भाव 467.60 रुपये पर पहुंच गया। सितंबर 2023 में शेयर की कीमत 549.85 रुपये तक पहुंच गई थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। इस लिहाज से अब शेयर रिकवरी मोड में है।

नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) कोलकाता पीठ ने रॉसेल इंडिया लिमिटेड और रॉसेल टेकसिस लिमिटेड (आरटीएल) के बीच स्कीम ऑफ अरेंजमेंट को मंजूरी दी है। इस योजना में रॉसेल इंडिया लिमिटेड डीमर्जर के जरिए रॉसेल टेकसिस डिवीजन को अलग करना चाहती है।

रॉसेल टेकसिस लिमिटेड यानी आरटीएल के डीमर्जर से एयरोस्पेस और डिफेंस कारोबार पर कंपनी का फोकस बन पाएगा।

कंपनी के निदेशक मंडल ने 16 दिसंबर, 2022 को योजना को मंजूरी दी थी। योजना के तहत रॉसेल टेकसिस लिमिटेड के मौजूदा शेयरधारक रॉसेल इंडिया लिमिटेड के 2 शेयर रखेंगे।

# 55 के शेयर का छप्परफाड़ रिटर्न, अब कर्ज फ्री होने वाली है कंपनी, आपका है दांव?



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में कई ऐसे स्टॉक हैं जिन्होंने एक साल से भी कम समय में निवेशकों को चौंकाने वाला रिटर्न दिया है। ऐसा ही एक शेयर-जय बालाजी इंडस्ट्रीज है। एक साल पहले 55 रुपये का यह शेयर अब 1000 रुपये के स्तर को पार कर चुका है। अभी शेयर की कीमत 1089.65 रुपये है। वहीं, फरवरी 2024 में शेयर की कीमत 1,307 रुपये के स्तर तक पहुंच गई थी। अब कंपनी ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। इस तिमाही के दौरान कंपनी के प्रॉफिट में शानदार उछाल आया है।

बीते वित्त वर्ष के दौरान स्मॉल-कैप कंपनी जय बालाजी इंडस्ट्रीज के नेट प्रॉफिट में 1421त्न की बढ़ोतरी हुई। इसी के साथ कंपनी का प्रॉफिट 879.57 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वहीं, कंपनी ने 6,413.78 करोड़ रुपये की अपनी अब तक की सबसे अधिक ग्रॉस सेल्स दर्ज की। यह सालाना आधार पर 4.71% अधिक है। तिमाही परफॉर्मेंस की बात करें तो मार्च तिमाही में जय बालाजी का प्रॉफिट 272.98 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में 13.08 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। तिमाही के दौरान बिक्री सालाना आधार पर 7.05% बढ़कर 1,845.60 करोड़ रुपये हो गई।

जय बालाजी इंडस्ट्रीज के एमडी आदित्य जाजोदिया ने कहा- कंपनी ने 1121 करोड़ रुपये का प्रभावशाली एबिटा हासिल किया है। हम मूल्यवर्धित उत्पादों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिससे मार्जिन में और सुधार होगा।

## 41% गिरा कंपनी का प्रॉफिट लेकिन तूफान बना शेयर, अब एक्सपर्ट बोले- बढ़ेगा भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। आईटी सेक्टर की दिग्गज कंपनी- टेक महिंद्रा ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही नतीजे के बाद कंपनी के शेयर पर निवेशक टूट पड़े। टेक महिंद्रा लिमिटेड के शेयरों में शुक्रवार को 13त्न की तेजी आई और भाव 1,344.95 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसी के साथ शेयर अपने 52 हफ्ते के हाई 1,416 रुपये के करीब पहुंच गया। बता दें कि जनवरी 2024 में शेयर ने इस स्तर को टच किया था।

मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में टेक महिंद्रा का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर लगभग 41 प्रतिशत घटकर 661 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले इसी तिमाही में टेक महिंद्रा का प्रॉफिट 1,117.7 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में टेक महिंद्रा का राजस्व 6.2 प्रतिशत घटकर 12,871 करोड़ रुपये रहा। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान टेक महिंद्रा का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 51.2 प्रतिशत लुढ़क कर 2,358 करोड़ रुपये रहा।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में ग्वालियर स्मार्ट सिटी कार्पोरेशन को देश के प्रतिष्ठित हडको अवार्ड से सम्मानित किया



ग्वालियर। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में गुरुवार को ग्वालियर स्मार्ट सिटी कार्पोरेशन को देश के प्रतिष्ठित हडको अवार्ड से सम्मानित किया गया। केंद्र सरकार के उपक्रम हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (हडको) द्वारा विरासत संरक्षण श्रेणी में ग्वालियर स्मार्ट सिटी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया, जबकि अन्य एक श्रेणी लैंडस्केप प्लानिंग एंड डिजाइन के तहत विशेष पुरस्कार दिया गया।

गुरुवार को हडको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ व निदेशक कार्पोरेट योजना एम नागराज ने हडको के 54वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में स्मार्ट सिटी के अधीक्षण यंत्री सुबोध खरे को यह अवार्ड सौंपा।इस अवसर पर स्मार्ट सिटी सीईओ नीतू माथुर ने इस अवार्ड को ग्वालियर की जनता को समर्पित करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय सम्मान हम सभी के लिए गौरव करने वाला है। दरअसल, हडको अवार्ड के लिए देशभर से दावेदारी मांगी गई थीं। इसमें ग्वालियर स्मार्ट सिटी कार्पोरेशन की ओर से भी प्रविष्टि भेजी गई थी। कई चरणों के परीक्षण के बाद जूरी ने विरासत संरक्षण आधारित परियोजनाओं और लैंडस्केप प्लानिंग एंड डिजाइन परियोजनाओं को फील्ड विजिट के लिए चुना था।

हडको की भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय की एक टीम ने ग्वालियर स्मार्ट सिटी द्वारा विकसित परियोजनाओं जैसे स्मार्ट पार्क, स्मार्ट प्लेग्राउंड, थीम रोड स्थित प्लेसमेकिंग, सेल्फी पाइंट सहित महाराज बाड़ा की ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण, डिजिटल म्यूजियम, आईसीसीसी समेत कई स्थलों का निरीक्षण भी किया था। कई चरणों के परीक्षण के बाद प्रतिष्ठित हडको डिजाइन अवार्ड 2023-24 की श्रेणी विरासतों का संरक्षण में प्रथम पुरस्कार व लैंडस्केप प्लानिंग एंड डिजाइन श्रेणी मे विशेष पुरस्कार के लिए चुना गया।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक पर सवार दंपती को टक्कर मारी




भोपाल। अयोध्या नगर बायपास पर गुरुवार रात तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक पर सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि उसका पति और दो वर्ष का बच्चा घायल हो गया। यह परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर वापस लौट रहा था, भी दुर्घटना का शिकार बन गया। घटना के समय महिला का देवर एक अन्य बाइक से पीछे आ रहा था। उसने टक्कर मारने के बाद भाग रहे ट्रक को पीछा कर रुकवाया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

छोला मंदिर थाना पुलिस के अनुसार 28 वर्षीय दिशा पत्नी विजय कुशवाह ग्राम सेमरा, अशोका गार्डन में परिवार के साथ रहती थी। वह गृहिणी थी, जबकि विजय एक निजी फर्म में काम करते हैं। उनके दो बच्चे हैं। विजय और दिशा गुरुवार रात को अपने दो साल के बेटे को लेकर बाइक से पीपुल्स माल के पास स्थित एक मैरिज गार्डन में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे। विजय का छोटा भाई भी उस कार्यक्रम में अपनी बाइक से पहुंचा था। रात लगभग 11 बजे सभी वापस घर जाने के लिए निकले थे। विजय कुशवाह ने जिंदल अस्पताल के साामने बने डिवाइडर के कट प्वाइंट से सेमरा की तरफ जाने के लिए बाइक को मोड़ा। उनकी बाइक सड़क पर पहुंची थी, तभी अयोध्या नगर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां कुछ देर तक चले उपचार के बाद दिशा की मौत हो गई। विजय और उसके बेटे की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

# कबाड़खाने में एक दिन पहले हुए विस्फोट के बाद जिला प्रशासन ने नगर निगम के साथ कार्रवाई को अंजाम देना शुरू किया




जबलपुर। खजूरी खिरिया स्थित कबड़खाने में एक दिन पहले हुए विस्फोट के बाद जिला प्रशासन ने नगर निगम के साथ कार्रवाई को अंजाम देना शुरू कर दिया है। दोनों विभाग की टीम अधारताल स्थित सेफ नगर पहुंची यहां पर समीम कबड्डी के मकान को तोड़ा जा रहा है। तोड़ने की कार्रवाई चल ही रही थी कि कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया और उनके समर्थक मौके पर विरोध करने पहुंच गए।कानूनी कार्रवाई से जुड़े दस्तावेज न हो वह कार्रवाई ना करे

विधायक लखन घनघोरिया का कहना था कि जब तक प्रशासन के पास कोई कानूनी कार्रवाई से जुड़े दस्तावेज न हो वह कार्रवाई ना करे। इस दौरान जिला प्रशासन की एसडीएम समेत आल्हा अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर वाद-विवाद चला रहा। दरअसल समीम कबड्डी ने रद्दी चौकी से लगे सेफ नगर में अपना पूरा साम्राज्य जमा कर रखा है।अवैध निर्माण को आज नगर निगम ने बुलडोजर चला कर हटाया

यह अधिकांश शासकीय जमीन में भी निर्माण किया गया है और वहीं कई निर्माण बिना नक्शे के किया गया था जिसके बाद नगर निगम ने जिला प्रशासन के साथ यह कार्रवाई को अंजाम दिया। शमीम रजा के भाई सलीम खान द्वारा की गई अवैध निर्माण को आज नगर निगम द्वारा बुलडोजर चला कर हटाया गया। नगर निगम के सहायक अतिक्रमण अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के दौरान अभी बाउंड्री वॉल जो कि लगभग 800 फुट का है हटाया गया।

# रैगिंग के रोकथाम के लिए हाई कोर्ट के आदेश के पालन में तय नियमों को मानना होगा



ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय की प्रत्येक अध्ययनशाला को अब रैगिंग के रोकथाम के लिए हाई कोर्ट के आदेश के पालन में तय नियमों को मानना होगा। प्रत्येक विभाग को तय गतिविधियों का आयोजन करवाना होगा, साथ ही इसकी पूरी जानकारी एक तय फार्मेट में जेयू प्रबंधन को भी सौंपनी होगी। दरअसल, बीते दिनों में लगातार आई रैगिंग की शिकायतों के बाद मामला हाई कोर्ट में जा पहुंचा था, जिसके बाद हाई कोर्ट ने जेयू प्रबंधन को सख्त निर्देश देते हुए इस पर तत्काल लगाम लगाने की बात कही थी।

हाई कोर्ट के आदेश के पालन में जेयू ने अब प्रत्येक विभाग के लिए छह निश्चित और एक वैकल्पिक गतिविधि तय की है। यह आयोजन छात्रों के बीच संवाद और आपसी मित्रता को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। जेयू ने इसके लिए पालन प्रतिवेदन भी जारी कर दिया है। इसी पालन प्रतिवेदन के प्रोफार्मा के आधार पर जेयू के प्रत्येक विभाग को गतिविधि की पूरी जानकारी देनी होगी। इस मामले में जेयू के कुलसचिव अरुण चौहान का कहना है कि हाई कोर्ट के निर्देशों का भलीभांति पालन किया जा सके, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रत्येक विभाग को निर्देश दिए जा चुके हैं, जिसके क्रम में उन्हें रैगिंग रोकने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करना है।- प्रत्येक विभाग में ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे।

- प्रत्येक विभाग में सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल गतिविधियां आयोजित होंगी।
- प्रत्येक छात्रावास के वार्डन द्वारा सामूहिक भोजन का आयोजन किया जाएगा।
- फ्रेशर बैच के छोटे छोटे समूहों का निर्माण कर उनका प्रभारी नियुक्त किया जाएगा।
- छात्रावासों में प्रवेश और निकास पंजी का संधारण और नोडल अधिकारी का अवलोकन किया जाएगा।

# समायरा एसोसिएट्स से दवा बिक्री पर रोक, बंद कराई गई दुकान

जबलपुर। कोडीन युक्त सीरप की भारी मात्रा में खरीददारी और फिर उसके क्रय-विक्रय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने में आनाकानी करना मेसर्स समायरा एसोसिएट्स पर भारी पड़ गया। गुरुवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने फर्म की बलदेवबाग स्थित दुकान से दवा के विक्रय पर रोक दिया गया। मौके पर पहुंचे विभाग के अधिकारियों ने दुकान को बंद भी करा दिया है। दवा विक्रय का लाइसेंस निलंबित करने के साथ ही खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने अनुमति के बिना दुकान का पुनः संचालन प्रतिबंधित किया है।कफ सीरप के क्रय-विक्रय का रिकार्ड संधारित नहीं किया जा रहा था प्राप्त जानकारी के अनुसार समायरा एसोसिएट्स में कफ सीरप के क्रय-विक्रय का रिकार्ड संधारित नहीं किया जा रहा था। इस संबंध में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशों की अनदेखी की जा रही थी। कई बार निर्देश के बावजूद फर्म की प्रोपाइटर ममता कोरी की ओर से कोडीन युक्त सीरप का क्रय-विक्रय का रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किया जा रहा था। इस पर गुरुवार को औषधि निरीक्षक देवेंद्र जैन और शरद जैन ने दुकान में जाकर जांच की। उचित रिकार्ड नहीं मिलने पर आगामी आदेश तक दुकान बंद करा दी।

शहपुरा से तीन हजार बोतल खरीदीडिंडोरी जिले के शहपुरा में कुछ दिन पूर्व कोडीन युक्त सीरप की एक बड़ी खेप पकड़ी गई है। इसकी जांच में समायरा एसोसिएट्स भी लपेटे में आया। सूत्रों के अनुसार पकड़ी गई सीरप की आपूर्ति करने वाली कंपनी के विक्रय रिकार्ड की जांच में समायरा एसोसिएट्स का नाम मिला है। पता चला है कि संबंधित कंपनी से समायरा एसोसिएट्स ने कोडीन युक्त सीरप की तीन हजार बोतल खरीदी है। इसके बाद से ही संचालक से सीरप के क्रय-विक्रय का रिकार्ड मांगा जा रहा है।

अधिक मूल्य पर नशा के लिए बेच देते हैं

कोडीन युक्त सीरप का उपयोग सूखी खांसी के उपचार में होता है।



# भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक डॉ. आर. सेल्वाराज ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया





इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक डॉ. आर. सेल्वाराज आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहाँ उन्होंने लोकसभा निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह, अपर कलेक्टर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी भी उनके साथ थे।

प्रेक्षक डॉ. सेल्वाराज इंदौर पहुंचने के बाद आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। यहाँ वे रिटर्निंग कक्ष में गये। रिटर्निंग कक्ष में उन्होंने नाम निर्देशन पत्र जमा करने संबंधी व्यवस्थाओं को देखा। यहाँ उन्होंने नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रगति की जानकारी ली। इसके पश्चात वे शिकायतों के निराकरण के लिए गठित शिकायत निवारण प्रकोष्ठ पहुंचे। यहाँ उन्होंने लोकसभा निर्वाचन संबंधी शिकायतों के निराकरण संबंधी व्यवस्थाएं देखी। इस अवसर पर उन्हें बताया गया कि सी-विजिल, ई-मेल, टेलिफोनिक तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की व्यवस्थाएं की गई है। समय सीमा में शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने निर्वाचन संबंधी अनुमतियां दी जाने की व्यवस्थाओं को भी देखा।

टीप-फोटो

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षक इंदौर आये

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिये नियुक्त सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षक इंदौर पहुंच चुके हैं। उक्त सभी प्रेक्षकगणों से मिलने का स्थान और समय तय हो गया है। इनसे चर्चा के लिए मोबाईल नम्बर भी जारी किये गये है।

आयोग द्वारा डॉ. आर. सेल्वाराज को सामान्य प्रेक्षक बनाया गया है। डॉ. सेल्वाराज इंदौर पहुंच चुके है। वे रेसीडेंसी के कक्ष क्रमांक 9 में ठहरे हैं। इनका मोबाईल नम्बर 9329115341 है। इनसे सुबह 9:30 बजे से सुबह 10:30 बजे तक मुलाकात की जा सकती है।

इसी तरह पुलिस प्रेक्षक के रूप में श्री निरलिप्त राय इंदौर आ गये हैं। इनका मोबाईल नम्बर 8770837133 है। इनसे सुबह 9:30 बजे से सुबह 10:30 बजे तक उपलब्धता पर मुलाकात की जा सकती है। वे रेसीडेंसी के कक्ष क्रमांक 7 में ठहरे हैं।

आयोग द्वारा अलका गौतम एवं मत्ता पदमा को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। उक्त दोनों प्रेक्षक भी इंदौर आ गयी है। इन दोनों से सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मुलाकात की जा सकती है। ओल्ड रेस्ट हाउस एनेक्सी कक्ष क्रमांक 1 में ठहरी अलका गौतम का मोबाईल नम्बर 8305993935 है। वे इंदौर संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र देपालपुर, इंदौर-1, इंदौर-2 तथा इंदौर-3 का कार्य देख रहीं है। इसी तरह व्यय प्रेक्षक मत्ता पदमा का मोबाईल नम्बर 9302272179 है। इनसे ओल्ड रेस्ट हाउस एनेक्सी कक्ष क्रमांक 2 में मुलाकात की जा सकती है। वे विधानसभा क्षेत्र इंदौर-4, इंदौर-5, राऊ और सांवेर का कार्य देख रहीं है।

## गर्मी में पशुओं से सेवा नहीं लेने की अपील

इंदौर। जिले में ग्रीष्म ऋतु में दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक निरन्तर बना रहता है। पशुओं पर सामग्री (भार) रख कर या सवारी कर उपयोग करने से अथवा पशुओं को तांगे/बैल-गाड़ी/भैसा-गाडी/ ऊंट-गाडी/खच्चर-गाडी/टट्टू-गाडी एवं गधे पर वजन ढोने में उपयोग करने से पशुओं में बीमारी या उनकी मृत्यु भी हो सकती है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग/जिला पशु क्रूरता निवारण समिति द्वारा भार वाहक पशु मालिकों से अपील की गई है कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच एवं तापमान का ध्यान रखते हुए पशुओं से सेवा नहीं लेवें। दोपहर के समय पशुओं को छाया वाले स्थान पर विश्राम करने दें एवं पर्याप्त पीने के पानी की व्यवस्था करें।

## भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक डॉ. आर. सेल्वाराज ने मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ का किया निरीक्षण



इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक डॉ. आर. सेल्वाराज ने आज मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह भी उनके साथ थे। प्रेक्षक डॉ. सेल्वाराज ने यहाँ मीडिया सर्टिफिकेशन , इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट तथा सोशल मीडिया निगरानी दल से चर्चा कर निगरानी कार्यों की जानकारी ली।

इस अवसर पर संयुक्त संचालक जनसम्पर्क तथा नोडल अधिकारी डॉ. आर.आर. पटेल ने मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि यह प्रकोष्ठ निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार संचालित किया जा रहा है। इस प्रकोष्ठ में 24ङ्ग7 लगातार मीडिया सर्टिफिकेशन , इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट तथा सोशल मीडिया निगरानी का कार्य हो रहा है। इसके लिए विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों सहित विशेषज्ञो को तैनात किया गया है। डॉ.आर. सेल्वाराज ने प्रकोष्ठ की विभिन्न शाखाओं के प्रभारियों से चर्चा कर उनके द्वारा निगरानी और सर्टिफिकेशन के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने प्रकोष्ठ के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुये कहा कि निगरानी की पुख्ता व्यवस्थाएं है, निश्चित ही लोकसभा निर्वाचन पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से सम्पन्न होगा।

## सभी प्रकार के अवकाश और निर्वाचन कार्य से मुक्ति के आवेदनों पर लगाया गया प्रतिबंध

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने लोकसभा निर्वाचन कार्य के संपादन के लिये अधिकारी/ कर्मचारीयों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर जिले के समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों के अधिकारियों/ कर्मचारियों के समस्त प्रकार के अवकाश / निर्वाचन कार्य से मुक्ति किये जाने संबंधी आवेदन (अपरिहार्य कारणों को छोड़कर) प्रतिबंधित कर दिये है। समस्त कार्यालय प्रमुखो को निर्देशित किया गया है, कि उक्त के संदर्भ में किसी भी प्रकार का आवेदन पत्र अग्रेषित न किया जाये।

# इन्दौर जिले में अनुपयोगी सूखे बोरवेल को सुरक्षित बंद करवाने की प्रभावी कार्यवाही



इंदौर। जिले में अनुपयोगी सूखे बोरवेल को बंद करवाने के लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में प्रभावी कार्यवाही की गई है। जिले में पिछले दिनों एक अभियान चलाकर 390 बोरवेल बंद करवाये गये है। चेतावनी दी गई है कि अगर कहीं बोरवेल खुले पाये जायेगें तो संबंधित मालिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जायेगी।

उल्लेखनीय है कि रीवा जिले में पिछले दिनों अनुपयोगी बोरवेल में मासूम बच्चे के गिरने की हुई घटना को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर अनुपयोगी बोरिंग को बंद करवाए जाने का अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत जिले में अब तक अनुपयोगी 390 बारेवले बंद करवाए गए है। जिला पंचायत इन्दौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने बताया कि जनपद पंचायतो को क्षेत्र में सूखे बोरवेल की पहचान कर इन्हे विभिन्न उपायो से सुरक्षित कवर करवाने के लिये निर्देशित किया गया था। इन्दौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत सहायक अभियंता एवं उपयंत्रियो के दल द्वारा गत 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक ग्रामीण क्षेत्रो में निरीक्षण किया गया। 390 सूखे बोरवेल खुले पाये गये। इन सभी बोरवेल को बंद करवाने की कार्यवाही की गई।

श्री सिद्धार्थ जैन ने बताया कि जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अब खुले बोरवेल को सुरक्षित करवाने संबंधी प्रमाण पत्र सभी ग्राम पंचायतो से प्राप्त करें। उनसे लिखित में लेवे की उनकी ग्राम पंचायत में अब कोई भी सूखा बोरवेल असुरक्षित खुला नहीं है। अब यदि खुले बोरवेल पाये जाते है तो ऐसे बोरवेल के मालिक के विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जाये।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हो रहे है लगातार नवाचार

## स्वाद के साथ सेहत को लेकर की जा रही प्रतियोगिताओं से महिलाओं को दिया जा रहा है मतदान का संदेश



इंदौर। जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में मतदाता जागरूकता के लिए लगातार नवाचार किये जा रहे है। इसी के तहत महिला मतदाता जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले में महिला मतदाताओं को जागरूक करने की अनूठी पहल के तहत श्री अन्न (मिलेट्स) पर आधारित स्वाद के साथ सेहत प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है।

जिला पंचायत के सीईओ तथा जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने बताया कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार हर संभव प्रयास किये जा रहे है। इसी कड़ी में महिला मतदाताओं के लिए गाँव-गाँव में श्री अन्न (मिलेट्स) पर आधारित स्वाद के साथ सेहत प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में महिलाएं हिस्सा ले रही है। इन्हें जहां एक ओर स्वाद के साथ सेहत का महत्व बताया जा रहा है, दूसरी ओर उन्हें लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए मतदान की महत्ता भी बताई जा रही है। महिलाओं से आग्रह किया जा रहा है कि वे 13 मई को मतदान जरूर करे। उन्हें मतदान की शपथ भी दिलाई जा रही है। श्री अन्न (मिलेट्स) स्वाद के साथ सेहत प्रतियोगिता 2024 में स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों , रसोइयों , अध्यापकों ग्रामीण महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जा रहा है।

जय श्री महाकाल ...



मृत्युंजय महाकाल त्राहिमाम शरणागतः ,
जन्म मृत्यु जरा व्याधि पीड़ितो कर्म बंधनाह
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर प्रभु सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# संचार योजना एक प्रभावी चुनाव प्रबंधन प्रणाली का अनिवार्य घटक, निर्वाचन के संचार योजना का प्रशिक्षण सम्पन्न

उज्जैन। लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत एक परिपूर्ण संचार योजना एक प्रभावी चुनाव प्रबंधन प्रणाली का अनिवार्य घटक है। चुनाव के सूक्ष्म प्रबंधन, समवर्ती ट्रैकिंग और मुद्दों तथा मध्य पाठ्यक्रम सुधार का मूल्यांकन करने में सक्षम बनाता है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव न केवल एक अन्तिम लक्ष्य है, बल्कि अपने आप में एक प्रक्रिया भी है। प्रभावी सूचना प्रबंधन, निर्वाचन प्रक्रिया को हर स्तर पर सक्रिय करती है। कंट्रोल रूम के संचालन के लिये चौबीसों घंटे अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। टीमों में एक अधिकारी, एक सहायक और कम्प्यूटर के साथ एक डाटा इंट्री ऑपरेटर रहना चाहिये। पर्याप्त टेलीफोन, फैक्स लाइनें व सम्बन्धित मशीनें, ब्रॉडबैण्ड, स्कैनर आदि की प्रक्रिया की जानकारी शुक्रवार 26 अप्रैल को पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में निर्वाचन के संचार योजना (कम्युनिकेशन प्लान फॉर इलेक्शन) के प्रशिक्षण के दौरान डॉ.संदीप नाडकर्णी, श्री गिरीश तिवारी, डॉ.संजीव कुमार तिवारी, श्री एमए सिद्धिकी आदि के द्वारा दी गई।



कम्युनिकेशन प्लान प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी देते हुए प्रशिक्षकों ने कहा कि शेडो एरिया या क्षेत्रों में जहां नेटवर्क समस्या है, वहां रनर मीट किये जायें। रनर मोटर साइकल या साइकल का भी उपयोग कर सकते हैं। रनर उन क्षेत्रों में शीघ्रता से जाते है, जहां सिग्नल उचित है। अपने-अपने क्षेत्रों में सेवा प्रदाताओं की पहचान, संचार नेटवर्क की पहचान करें और कम्युनिकेशन शेडो एरिया क्षेत्रों की पहचान जहां कोई नेटवर्क उपलब्ध नहीं है। प्रशिक्षण के दौरान बताया कि लगातार नेटवर्क के लिये सेवा प्रदाताओं के साथ नियमित बैठक की जाये। शेडो क्षेत्रों के लिये वैकल्पिक व्यवस्था की जाये। नियंत्रण कक्ष हेल्पलाइन के अधिकारियों द्वारा संचार योजना में सम्पर्क नम्बरों का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाये। संचार योजना ठीक होगा तो निश्चित ही चुनाव के दौरान बेहतर ढंग से समन्वय स्थापित कर सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके। इसी तरह चुनाव सम्बन्धी शिकायतें फेक्स और टेलीफोन के माध्यम से प्राप्त होती है। इन्हें तुरन्त कम्प्यूटरों में स्वरूपित पत्रों, ईमेल और साथ ही फेक्स किया जाना चाहिये।

# समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दीपक राजवानी, राजेंद्र शाह, विट्ठल नागर सम्मानित




उज्जैन। महामंडलेश्वर ज्ञानदासजी महाराज के सानिध्य में महाप्रभुजी की बैठक में आयोजित संत सत्कार समिति की साधारण सभा में समाज में सेवा के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाने वाले दीपक राजवानी, राजेन्द्र शाह एवं विट्ठल नागर सहित अन्य सदस्यों को सम्मानित किया गया।

संस्था सचिव भगवान शर्मा ने बताया कि संत सत्कार समिति देश की एकमात्र संस्था है जो संतों के सम्मान के साथ ही विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों के माध्यम से समाज सेवा के कार्यों में अग्रसर है। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी व संरक्षक प्रकाश चित्तौड़ा ने आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यों तथा सिंहस्थ 2028 की रूपरेखा से सदस्यों को अवगत कराया। कोषाध्यक्ष ओम गुप्ता ने आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा आगामी कार्ययोजना को दृष्टिगत रखते हुवे रखा। राष्ट्रीय कवि अशोक भाटी एवं वरुण गुप्ता ने मतदान का महत्व बताते हुए लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए सदस्यों को शपथ दिलायी। कार्यक्रम का संचालन भगवान शर्मा ने किया व आभार विठ्ठल नागर ने माना ।

## नेपाली बाबा आज करेंगे बाबा महाकाल का पूजन

उज्जैन। यज्ञ सम्राट परम तपस्वी 1008 आत्मानंद दास महात्यागी (नेपाली बाबा) जी महाराज आज शुक्रवार 27 अप्रैल को उज्जैन प्रवास के दौरान बाबा महाकाल के दर्शन अभिषेक करेंगे। तत्पश्चात अवंतिकापुरी खालसा आश्रम क्षीरसागर घाटी नई सड़क पर भक्तों को दर्शन देंगे।

समाजसेवी हरिसिंह यादव ने बताया कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व नेपाली बाबा ने महाकाल का पूजन अर्चन कर अयोध्या में विशाल यज्ञ किया था। राम जन्मभूमि पर प्राण प्रतिष्ठा के सफल आयोजन के बाद आज उज्जैन आकर महाकाल बाबा का अभिषेक पूजन करेंगे। वहीं भक्तों से 2025 में इलाहाबाद में होने वाले महाकुंभ को लेकर चर्चा करेंगे।

# आज होगा एक शाम मतदान के नाम का आयोजन



उज्जैन। उज्जैन में एक अलग ही अंदाज में जन्मदिन मनाया जा रहा है। समाजसेवी श्याम जायसवाल के जन्मदिन के अवसर पर उज्जैन में श्याम जायसवाल मित्र मंडली द्वारा एक शाम मतदान के नाम मतदान जागरूकता सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विधानसभा संयोजक जगदीश पांचाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इसको लेकर जागरूकता अभियान चला कर जन्मदिन मनाने की तैयारी की जा रही है। श्याम जायसवाल मित्र मंडली द्वारा मतदान जागरूकता सम्मेलन का कार्यक्रम आज 27 अप्रैल को शाम 7ः00 बजे शहनाई गार्डन में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अनिल जी जैन कालुहेड़ा, श्री उमेशनाथ जी महाराज, श्री मुकेश जी टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, अध्यक्ष विवेक जोशी उपस्थित होंगे। मित्र मंडली के लोगों ने कहा कि लोग लाखों रुपए खर्च कर अपना जन्मदिन मनाते हैं। पर श्याम जायसवाल मित्र मंडली ने संकल्प लिया है कि समाजसेवी श्याम जायसवाल का जन्मदिन जागरूकता मतदान अभियान चलाकर मनाया जाएगा। मित्र मंडली ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा लोग कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम के समापन पर सभी को मतदान करने की शपथ भी दिलाई जाएगी इसके बाद भोजन प्रसादी कराई जाएगी।

# असंगठित ई रिक्शा चालक ने ई रिक्शा रूट के विरुद्ध कलेक्टर के नाम दिया ज्ञापन



उज्जैन। कोठी पैलेस स्थित प्रशासनिक संकुल भवन पर असंगठित ई रिक्शा चालक परिचालक संघ संबंध भारतीय मजदुर संघ द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। अध्यक्ष बल्लू सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 अप्रैल को सड़क सुरक्षा समिति की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें शहर के यातायात को लेकर विभिन्न निर्णय लिये गए जिसमें ई रिक्शा को 06 झोनों में निर्धारित किया जाकर मार्ग तय किये गए। जो कि संघ की दृष्टि से सही नहीं हैं। भविष्य में उक्त निर्णय से ई रिक्शा चालक परिचालकों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पडेगा। जो कि एक मनमानी कार्यवाही है। शहर के यातायात को ध्यान में रखते हुए ई रिक्शाओं की संख्या जो कि जरूरत से ज्यादा हैं और नवीन ई रिक्शा उज्जैन शहर में खरीदी पर रोक लगाई जाए। जिस तरह शहर सुरक्षा समिति ने ई रिक्शा के रूट तय किये हैं उस मान से पूर्व में टेम्पो संचालित होते थे जिनके स्थान पर मैजिक गाडिया संचालित होती है। जो कि अपने निधारत मार्गो पर ना चलते हुए मात्र उज्जैन दर्शन में ही संचालित की जाती है। जबकि ई रिक्शा थ्री व्हीलर वाहन हैं। ई रिक्शा का झोन मय रूट तय किया गया हैं। इस प्रकार आटो रिक्शा का कोई रूट तय नहीं किया गया हैं। कलेक्टर को ज्ञापन देकर असंगठित ई रिक्शा चालक संघ ने मांग की है कि बनाए गए रूट को जल्द से जल्द स्थगित किया जाए। रूट का निर्णय लेने के पहले ई रिक्शा संघ व एसोसिएशन के किसी भी प्रतिनिधि को सडक सुरक्षा समिति की बैठक में प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित नहीं किया गया। ई रिक्शा चालकों को शहर के अंदर झोन वाईज स्टेण्ड बनाकर दिए जाए जिससे शहर का यातायात सुचारू रूप से चले। बनाए हुए रूट को स्थगित नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में संगठन द्वारा प्रदर्शन कर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन मे विशेष रूप से भारतीय मजदूर संघ के आगर उज्जैन विभाग प्रमुख सतीश शर्मा, असंगठित प्राइवेट ट्रांसपोर्ट संघ के जिला अध्यक्ष बाबू भाई, वरिष्ठ लक्ष्मीनारायण रजक, बिजली विभाग के आनंद शिंदे, राज्य कर्मचारी संघ मनोहर गिरी, अशोक गोमे, संजय चौहान सहित बड़ी संख्या में ई रिक्शा चालक उपस्थित थे। ई रिक्शा चालकों द्वारा रुट का विरोध करने की जानकारी जब आरटीओ संतोष मालवीय को लगी तो वह स्वयं दशहरा मैदान स्थित मैदान पर पहुंचे और उन्हें समझाइश दी की आपकी सुविधा के लिए ही रुट तय किए है ताकि सभी ई रिक्शा चालकों को पर्याप्त आय प्राप्त हो सके।

## जैविक खेती एवम अग्रसर किसान, नवभारत फर्टिलाइजर लिमिटेड के अधिकारी ने दी जानकारी



उज्जैन। इंगोरिया बलेड़ी क्षेत्र के आसपास के गांव में नवभारत फर्टिलाइजर लिमिटेड कंपनी के कृषि अधिकारी नाजु कहार तथा इंगोरिया टीम नंदकिशोर, मोहन सिसोदिया, रौनक चौहान, नितिन पांड्या किसानों दिलीप जी, अजय केवट, शोभाराम केवट, अनोखीलाल जी आदि को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया। आज के समय में रासायनिक से जमीन मे उपजाऊ क्षमता कई गुना कम होती जा रही है। सूक्ष्म पोषक तत्वों की भारी मात्रा में कमी होने के कारण फसलों पर अनावश्यक रोगों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण फसलों पर तरह तरह के केमिकल इस्तेमाल करते आ रहे हैं। और उनका असर फसलों पर आता है।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com